भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2812
सोमवार, 07 अगस्त, 2023/16 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

दक्षिण भारतीय क्षेत्र में पर्यटन संवर्धन

†2812. डॉ. एम.के. विष्णु प्रसादः
श्री टी.आर.वी.एस. रमेशः
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में पर्यटन संवर्धन पर विशेष ध्यान दे रही है;
(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा देश के दक्षिणी क्षेत्रों में क्या कार्य निष्पादित किए गए हैं; और
(ग) इस क्षेत्र में सरकार द्वारा परिकल्पित पर्यटन का दायरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय देश के पर्यटन गंतव्यों और पर्यटन उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है। ये संवर्धन कार्य घरेलू और महत्वपूर्ण वैश्विक बाजारों में "आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार" (डीपीपीएच) तथा "विदेशी संवर्धन और प्रचार" (ओपीपी) नामक योजनाओं के तहत किए जाते हैं। देश के पर्यटन स्थलों से संबंधित सूचना का प्रचार-प्रसार www.incredibleindia.org वेबसाइट, देखो अपना देश वेबिनार और पर्यटन मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से भी जाता है।

पर्यटन मंत्रालय आगंतुकों को समृद्ध पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत भी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन संबंधी परियोजनाओं से विभिन्न क्षेत्रों जैसे आतिथ्य (होटल, रेस्तरां), परिवहन, टूर गाइडिंग, हस्तशिल्प में नौकरियों का सृजन होता है । पर्यटन अप्रत्यक्ष रूप से अन्य व्यवसायों और सेवाओं को प्रोत्साहित करता है, जिससे अतिरिक्त नौकरियों के अवसर सृजित होते हैं।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी राज्यों में निष्पादित परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

*****

अनुबंध

दक्षिण भारतीय क्षेत्र में पर्यटन संवर्धन के संबंध में दिनांक 07.08.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2812 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के तहत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-

(करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अदुरू-एस यानम-कोटिपल्ली का विकास | 67.83 | 67.83 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्लामाडुगुल प्रपात -नेलापट्टू - कोथाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 | 49.55 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ का विकास: शालिहुंडम- बाविकोंडा- बोज्जनाकोंडा-अमरावती-अनुपू | 35.24 | 24.13 |
| 4. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पतनमतिट्टा-गावी-वागामोन-तेक्कडी का विकास | 64.08 | 64.08 |
| 5. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली-पंपा-सन्निधानम का विकास | 54.88 | 27.44 |
| 6. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्नामुला का विकास | 78.08 | 73.77 |
| 7. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मलानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 | 30.98 |
| 8. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम- कुन्नुमपराश्री सुब्रह्मण्यम- चेम्बजंथीश्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 | 27.77 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9. | पुद्दुचेरी | तटीय परिपथ 2015-16 | डुबरियापेट- अरिकामेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नम्बर - नल्लावडू / नारामबाई - मनापेट - कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास | 58.44 | 58.44 |
| 10. | पुद्दुचेरी | विरासत परिपथ 2017-18 | फ्रैंको- तमिल गांव, कराईकल, माहे और यानम का विकास | 49.44 | 45.70 |
| 11. | पुद्दुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | कराईकल, यानम और पुडुचेरी का विकास | 34.96 | 30.94 |
| 12. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई- माममल्लापुरम - रामेश्वरम - मनपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 | 69.48 |
| 13. | तेलंगाना | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 | 91.25 |
| 14. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु-लकनावरम-मेदावरम-तडवई-दमारावी-मल्लूर-बोगाथा जलप्रपात का विकास | 79.87 | 79.87 |
| 15. | तेलंगाना | विरासत परिपथ 2017-18 | कुतुबशाही हेरिटेज पार्क - पैगाह मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद- रेमंड का मकबरा का विकास | 96.90 | 70.61 |

प्रशाद योजना के तहत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-

(करोड़ रु. में)

| राज्य | क्र. सं. | परियोजना | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1. | अमरावती शहर, गुंटूर जिले का एक पर्यटन स्थल के रूप में विकास** | 2015-16 | 27.77 | 27.77 |
| | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास** | 2017-18 | 43.08 | 43.08 |
| | 3. | विशाखापट्टनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारीदेवस्थानम | 2022-23 | 54.04 | 0.00 |
| कर्नाटक | 4. | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूरु में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 | 14 जून 2023 को |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वीकृत |
| केरल | 5. | गुरुवायूर मंदिर में विकास** | 2016-17 | 45.19 | 45.19 |
| तमिलनाडु | 6. | कांचीपुरम का विकास** | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| | 7. | वेलंकन्नी का विकास** | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |
| तेलंगाना | 8. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 | 13.76 |
| | 9. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 0.00 |
| | 10. | भद्राचलम, भद्राद्री कोठागुडम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | 0.00 |

**परियोजना पूर्ण हो गई है।

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(लाख रु. में)

| क्र. सं | वर्ष | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2012-13 | तमिलनाडु | चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र. | 1724.66 | 1724.66 |
| 2. | 2016-17 | केरल | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल पर एक वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | 901.00 | 826.59 |
| 3. | | केरल | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | 2141.00 | 1912.80 |
| 4. | | केरल | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा साई त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना | 2464.99 | 1232.49 |
| 5. | | आंध्र प्रदेश | पुट्टपर्थी, आंध्र प्रदेश में साउंड एंड लाइट शो | 708.67 | 354.33 |
| 6. | | केरल | कोचीन पोर्ट क्रूज टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास। | 120. 79 | 114.17 |
| 7. | | केरल | कोचीन नॉर्थ ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | 466. 47 | 466.47 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | | आंध्र प्रदेश | पट्टनम बंदरगाह के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ पर क्रूज बर्थ का निर्माण | 3850.00 | 2991.00 |
| 9. | | केरल | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना के विकास के लिए सीएफए | 1029.70 | 888.62 |
| 10. | 2022-23 | तेलंगाना | संजीवैया पार्क, हैदराबाद, तेलंगाना में वाटर स्क्रीन और म्यूजिकल फाउंटेन के साथ मल्टीमीडिया लेजर शो | 4965.00 | 1990.00 |
| 11. | 2022-23 | तेलंगाना | उस्मानिया कला विश्वविद्यालय, हैदराबाद तेलंगाना में डिजिटल मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी और प्रकाश व्यवस्था के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग | 1179.00 | 589.50 |

*****